**सुविधा** | RDSO ट्रायल शुरू, पूरा होने में लगेंगे 2 हफ्ते, मुंबईकरों को इस मेट्रो लाइन का बेसब्री से इंतज़ार

# जुलाई के अंत तक शुरू हो जाएगी मेट्रो-3!

## CMRS से अनुमति के बाद शुरू होगा कमर्शियल परिचालन

प्रिया पांडे@नवभारत

**मुंबई.** महाराष्ट्र की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो (मेट्रो-3) का पहला चरण (आरे से बीकेसी) जल्द ही जनता के लिए शुरू होने वाला है. सोमवार को भारतीय रेलवे के रिसर्च डिजाइन और स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) ने कॉरिडोर के पहले चरण के लिए परीक्षण शुरू कर दिया है. यह परीक्षण करीब 2 से 3 सप्ताह तक चलेगा, जिसके बाद आवश्यक प्रमाणपत्र मिलते ही एमएमआरसीएल यात्री सेवाएं शुरू करने हेतु अनुमति के लिए मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) से संपर्क करेगा. सुरक्षा नियमों और परिचालन मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए, सीएमआरएस से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही कमर्शियल परिचालन शुरू किया जाएगा.

## आरे से BKC के बीच 8 स्टेशन, 3 चरणों में बंटा है प्रोजेक्ट

मुंबईकर इस मेट्रो लाइन का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे है. मुंबई का यह पहला अंडरग्राउंड मेट्रो है, जो मुंबईकरों को अविस्मरणीय सफर प्रदान करेगा और ट्रैफिक भी कम करेगा. अगर इस प्रोजेक्ट के सफलता की बात करें, तो इसका श्रेय मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एमएमआरसी) की मैनेजिंग डायरेक्टर अश्विनी भिड़े को जाता है, क्योंकि उनके ही नेतृत्व में यह काम पूरा किया जा रहा है. अधिकारी ने बताया कि कई समय सीमाएं चुकने के बाद, मेट्रो-3 कॉरिडोर के पहले चरण का संचालन जुलाई अंत तक शुरू होने की उम्मीद है. इस खंड में आरे से बीकेसी के बीच कुल आठ स्टेशन होंगे, जबकि धारावी से वर्ली को जोड़ने वाले चरण कफ परेड दो में तीन स्टेशन होंगे और वर्ली से कफ परेड तक तीसरे चरण में 12 स्टेशन होंगे .यात्री भार के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए MMRCL ने पहले ही बीकेसी और आरे के बीच मलबे से भरी बोरियों का परीक्षण शुरू कर दिया था .

## उत्तरी उपनगरों को आईलैंड सिटी से जोड़ता है मेट्रो-3

यह कॉरिडोर एकमात्र ऐसा कॉरिडोर है, जो उत्तरी उपनगरों को आईलैंड सिटी से जोड़ता है. यह प्रोजेक्ट पूरे शहर में रोजगार, व्यवसाय, शिक्षा और स्वास्थ्य केंद्रों को सुरक्षित, अधिक आरामदायक और आधुनिक कनेक्टिविटी प्रदान करने का वादा करती है. बता दें कि मुंबई मेट्रो लाइन-3 कोलाबा से बांद्रा से सीप्ज़ तक 33.5 किलोमीटर अंडरग्राउंड मेट्रो है. इसमें 27 प्रमुख स्टेशन शामिल हैं, जिसमें से 26 अंडरग्राउंड है और 1 एलिवेटेड है.

| | |
|---|---|
| फेज 1 | जल्द होगा शुरू |
| फेज 2 | तेज गति से चल रहा काम |
| फेज 3 | चल रहा काम |

## स्टेशन लाइन 3 के सबसे लंबे स्टेशनों में से एक है BKC

## मेट्रो 3 में मोबाइल इन्फ्रा सेवा प्रदान करेगा एसीईएस

## पहले चरण के स्टेशन

- आरे
- सीप्झ
- एमआईडीसी
- मरोल नाका
- सीएसएमआई T2
- सहार रोड
- सीएसएमआई T1
- सांताक्रूज़
- विद्यानगरी
- बीकेसी